भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-2587

उत्तर देने की तारीख-09/03/2026

सीबीएसई के परीक्षा पैटर्न में बदलाव

†2587. श्री भास्कर मुरलीधर भगरे:

श्री संजय दिना पाटील:

श्री धैर्यशील राजसिंह मोहिते पाटील:

श्रीमती सुप्रिया सुले:

डॉ. अमोल रामसिंग कोल्हे:

प्रो. वर्षा एकनाथ गायकवाड़:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश में योग्यता-आधारित आकलन और संशोधित मूल्यांकन विधियों सहित राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) द्वारा संचालित सुधारों के अंतर्गत वर्ष 2026 से केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) परीक्षा पैटर्न में प्रस्तावित परिवर्तनों पर ध्यान दिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) महाराष्ट्र में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से संबद्ध ऐसे कितने विद्यालय और छात्र हैं जिनके संशोधित परीक्षा संरचना और सतत मूल्यांकन ढांचे से प्रभावित होने की संभावना है;

(ग) क्या उक्त राज्य में, विशेषकर अर्ध-शहरी और ग्रामीण जिलों में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के विद्यालयों को पर्याप्त शिक्षक प्रशिक्षण, पाठ्यक्रम संरेखण और परीक्षा तैयारी संबंधी सहायता प्रदान की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या उक्त राज्य में माता-पिता, छात्रों और विद्यालय प्राधिकारियों द्वारा परिवर्तन की समय-सीमा, पाठ्यक्रम में परिवर्तन और मूल्यांकन पद्धतियों के संबंध में कोई चिंता व्यक्त की गई है; और

(ङ.) सरकार द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं कि उक्त राज्य में नए परीक्षा पैटर्न को सुचारू रूप से लागू किया जाए और इससे शहरी और ग्रामीण सीबीएसई के विद्यालयों में शैक्षिक तनाव, अध्ययन में अंतर या असमानता उत्पन्न न हो?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री जयन्त चौधरी)

(क): केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कक्षा 10 के लिए वर्ष 2026 की परीक्षाओं से दो-बोर्ड परीक्षा नीति शुरू की है, जिसमें कक्षा 10 के छात्रों को 03 विषयों में अपने प्रदर्शन में सुधार करने का दूसरा अवसर मिलता है। एनईपी 2020 की सिफारिशों के अनुसार, सीबीएसई कक्षा 10 और 12 बोर्ड परीक्षाओं में योग्यता आधारित प्रश्नों में वर्ष 2020 से प्रत्येक वर्ष 10 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है जिसमें वर्ष 2025 और उसके बाद लगभग 50 प्रतिशत प्रश्न योग्यता आधारित होंगे। वर्ष 2026 से योग्यता आधारित मूल्यांकन

के संबंध में सीबीएसई परीक्षा पैटर्न में कोई बदलाव नहीं किया गया है। सीबीएसई ने 12वीं कक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के लिए डिजिटल मूल्यांकन की शुरुआत की है।

(ख): महाराष्ट्र राज्य में सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों की कुल संख्या 1723 है। कक्षा 10 के लिए पंजीकृत अभ्यर्थियों की कुल संख्या 1,27,281 और कक्षा 12 के लिए 39,495 है।

(ग): सीबीएसई ने समय-समय पर जारी किए गए परिपत्रों और दिशानिर्देशों के माध्यम से परीक्षा की तैयारी के लिए अपने संबद्ध स्कूलों को पर्याप्त सहायता प्रदान की है। कृपया दिनांक 25.06.2025, 27.08.2025, 09.09.2025, 15.09.2025, 01.12.2025, 09.02.2026 और 14.02.2026 के परिपत्रों का संदर्भ लें।

परिपत्रों के लिए लिंक:

दिनांक 25.06.2025 का परिपत्र: -
https://www.cbse.gov.in/cbsenew/documents/Notification_Two_Board_Examinations_Class_X_2026_25062025.pdf

दिनांक 27.08.2025 का परिपत्र : -
https://www.cbse.gov.in/cbsenew/documents/LOC_2526_27082025.pdf

दिनांक 09.09.2025 का परिपत्र: -
https://www.cbse.gov.in/cbsenew/documents/Critical_Dates_09092025.pdf

दिनांक 15.09.2025 का परिपत्र : -
https://www.cbse.gov.in/cbsenew/documents/Special_Provisions_Participating_Sports_Events_15092025.pdf

दिनांक 01.12.2025 का परिपत्र: -
(https://www.cbse.gov.in/cbsenew/documents/Guidelines_SOP_Practical_Examination_01122025.pdf

दिनांक 09.02.2026 का परिपत्र: -
https://www.cbse.gov.in/cbsenew/documents/OASIS_data_updation_teachers_OSM_09022026.pdf

दिनांक 14.02.2026 का परिपत्र: -
https://www.cbse.gov.in/cbsenew/documents/Digital_Evaluation_Class_Answer_Books_Mock_14022026.pdf

(घ): जून 2025 में नीति की घोषणा करके और परिपत्रों और वेबिनारों के माध्यम से छात्रों, अभिभावकों और स्कूलों को जागरूक करके कक्षा X 2026 हेतु दो बोर्ड नीति के लिए परिवर्तन काल संबंधी चिंताओं का समाधान किया गया है। डिजिटल मूल्यांकन के लिए, स्कूलों और शिक्षकों के लिए वास्तविक मूल्यांकन शुरू होने से पहले उन्हें अच्छी तरह से परिचित कराने के लिए निरंतर मॉक मूल्यांकन किया जा रहा है। वर्ष 2026 की कक्षा X और XII की बोर्ड परीक्षाओं के पाठ्यक्रम में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

(ङ): सीबीएसई एक राष्ट्रीय बोर्ड है तथा भारत और 26 देशों में 32,557 स्कूल इससे संबद्ध हैं। सीबीएसई द्वारा अपनी सभी संबद्ध स्कूलों में सभी नीतियों को तदनुसार लागू किया जाता है। उपरोक्त भाग (क) में उल्लिखित नीतियों को सभी संबद्ध विद्यालयों में भी लागू किया गया है। कक्षा X में दो बोर्ड परीक्षा नीति एनईपी 2020 की सिफारिशों पर आधारित है तथा ग्रामीण और शहरी सीबीएसई स्कूलों के बीच अधिगम में अंतर या असमानता पैदा किए बिना छात्रों को परीक्षाओं के डर से तनावमुक्त करने के लिए है।

*****